# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक– डी0 1490/25

दिनांक– 11.11.2025

**प्रेषक–**

**कुलसचिव,**
**सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ।**

**सेवा में**

**सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध**
**अशासकीय सहायता प्राप्त समस्त प्रबन्धक, संस्कृत महाविद्यालय,**
**उत्तर प्रदेश।**

**विषयः–उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2025–26) की बैठक हेतु अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रकरण के सम्बन्ध में शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश शिक्षा सामान्य (2) विस्तार अनुभाग, शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज के पत्रांकः सामान्य(2) विस्तार/20014/ 2025–26 दिनांक 04.11.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं संस्थाओं में अध्ययन कर रहे छात्र/छात्राओं का पृथक–पृथक समूहवार, पदनामवार आरक्षण विषयक आख्या, समूहवार पदों का योग करते हुए विभाग के संगठनात्मक ढांचा सम्बन्धी समस्त विवरण, अद्यतन स्थिति के अनुसार रिक्त पदों का विवरण, उन्हें न भरने के कारणों सम्बन्धी आख्या, सीधी भर्ती के पदों में आरक्षित वर्गों के रिक्त पदों एवं उन्हे न भरने के कारणों सहित आख्या आज ही निदेशालय के ई–मेल आई–डी desanskrit@gmail.com पर उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त है।

अतः उक्त पत्र के माध्यम से प्राप्त निदेश के अनुपालन में वांछित सूचना आज ही निर्दिष्ट निदेशालय के ई–मेल आई–डी desanskrit@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त सूचना की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के ई–मेल ssvvregistrar@gmail.com पर भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में समस्त उत्तर दायित्व आपका होगा।

**संलग्नक**–यथोक्त।

11/11/2025

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय को अवलोकनार्थ।
2–आशुलिपिक, कुलसचिव।
3–उप सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, संस्कृत शिक्षा अनुभाग (माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–9), लखनऊ।
4–शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश, शिविर कार्यालय, 18–पार्क रोड़ लखनऊ।
5–शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश शिक्षा सामान्य (2) विस्तार अनुभाग, शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज
6–उप शिक्षा निदेशक, (संस्कृत) शिक्षा निदेशक (मा0) उ0प्र0 प्रयागराज।
7–श्री मोहित मिश्र, सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से प्रेषित कि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध समस्त अशासकीय संस्कृत महाविद्यालयों के ई–मेल/वेवसाईट पर उक्त अपेक्षित सूचना प्रेषित करने हेतु अपलोड़ करें।
8–सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध अशासकीय सहायता प्राप्त समस्त संस्कृत महाविद्यालय, के प्रबन्धक/प्राचार्य को इस आशय से प्रेषित कि अपेक्षित सूचना निदेशालय के ई–मेल आई–डी desanskrit@gmail.com पर उपलब्ध कराते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
9–अधीक्षक/सहायक कुलसचिव(सम्बद्धता)।
10–सम्बद्ध पत्रावली।